# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) का पहला थाना किस शहर में स्थापित किया गया है,।**

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान की पहली एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) का पहला थाना जयपुर में स्थापित किया गया है, जिसका उद्घाटन एडीजी क्राइम दिनेश एमएन द्वारा किया गया था

- जयपुर में ANTF के पहले थाने के साथ ही राज्य भर में 18 नई चौकियां भी वर्चुअली शुरू की गईं
- 2026 तक राजस्थान को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत, ANTF सक्रिय रूप से काम कर रही है
- अब हर संभाग में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पुलिस थाना स्थापित किया जाएगा

## Yesterday Revision

01. जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र का शिल्पग्राम अब नए और आधुनिक स्वरूप में विकसित होगा इसके तहत जवाहर कला केंद्र में लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

02. नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार कक्षा 1 से 12वीं तक की एकीकृत शिक्षा उपलब्ध करवाने में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

03. वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में जस्ता तार बनाने वाली इकाई लगाने के लिए 12 मई को ग्रुप निर्मल के साथ समझौता किया।

04. दुर्लभ वन्यजीव कैरेकल कैट (सियागोश) को रिवेंज किलिंग' यानी बदले की भावना से होने वाली हत्याओं से बचाने के लिए वन विभाग राजस्थान का पहला गोट बैंक शुरू करने जा रहा है

05. सुप्रीम कोर्ट ने 13 मई को राजस्थान सरकार को स्कूलों में शिक्षा के माध्यम के रूप में राजस्थानी को मान्यता देने और बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक नीति बनाने का निर्देश दिया

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) 13 मई 2026 को राजस्थान और हरियाणा के बीच यमुना पाइपलाइन परियोजना के क्रियान्वयन पर सहमति बनी है।

(B) राजस्थान के चूरू, सीकर, झुंझुनूं जिले इससे लाभान्वित होंगे

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- 13 मई 2026 को दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में हुई बैठक में राजस्थान और हरियाणा के बीच यमुना पाइपलाइन परियोजना (Yamuna Pipeline Project) के क्रियान्वयन पर सहमति बनी है।
- इसके तहत हथिनीकुंड बैराज से राजस्थान (चूरू, सीकर, झुंझुनूं) तक भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाने के लिए संयुक्त डीपीआर (DPR) और गाइडलाइन तय की गई है।
- उल्लेखनीय है कि 17 फरवरी 2024 को राजस्थान और हरियाणा के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसके तहत हथिनीकुंड बैराज से जुलाई से अक्टूबर तक आवंटित यमुना जल को भूमिगत पाइपलाइन के जरिए राजस्थान के चूरू, सीकर, झुंझुनूं तथा अन्य जिलों तक पहुंचाने की परियोजना पर काम किया जाएगा।
- इस परियोजना से 577 एमसीएम पानी पेयजल आपूर्ति और अन्य आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध होगा

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) सहकारिता क्षेत्र में विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

(B) राज्य में 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले कुल 250 गोदामों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- सहकार से समृद्धि अभियान के तहत संचालित 'सहकारिता क्षेत्र में विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते राजस्थान अब अन्य राज्यों के लिए भी मिसाल बन गया है। योजना के क्रियान्वयन में राज्य देश में प्रथम स्थान पर है।
- राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक गोदाम के लिए 25 लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है तथा गोदाम निर्माण के लिए शत-प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है
- राज्य में 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले कुल 250 गोदामों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- इसके तहत वर्ष 2024-25 में 100, वर्ष 2025-26 में 100 तथा वर्ष 2026-27 में 50 गोदामों का निर्माण लक्षित है
- वर्ष 2025-26 के तहत 91 गोदाम निर्माणाधीन हैं। वर्ष 2026-27 के लिए गोदामों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

03. राजस्थान सरकार ने एक जिला एक उत्पाद नीति (ओडीओपी) के तहत कितने जिलों में स्थापित होने वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी?

(A) 5

(B) 2

(C) 4

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने एक जिला एक उत्पाद नीति (ओडीओपी) के तहत 5 जिलों में कुल 18.19 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी।
- दौसा, चूरू, डीडवाना-कुचामन, फलोदी और बालोतरा में सुविधा केंद्र, जांच लैब एवं भंडारण के लिए कुल पांच परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।
- राज्य के विशिष्ट उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए लागू की गई एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 के तहत सभी 41 जिलों में एक-एक उत्पाद की पहचान की गई है
- इन परियोजनाओं का काम जल्द शुरू करने के लिए पहले चरण में 10.76 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए हैं।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सर्वाधिक सड़क लंबाई पूर्ण करने की श्रेणी में राजस्थान (75,868 किमी) द्वितीय स्थान पर है

(B) मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण का शुभारंभ किया गया है

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती समारोह में योजना के चतुर्थ चरण का शुभारंभ किया।
- सर्वाधिक सड़क लंबाई पूर्ण करने की श्रेणी में राजस्थान (75,868 किमी) को द्वितीय स्थान मिला है।वहीं, गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान एवं तमिलनाडु ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।
- चौथे चरण में देशभर में अब तक स्वीकृत 4 हजार 795 सडकों में से प्रदेश को 1 हजार 216 सड़कों की स्वीकृति मिली है, जो संख्या की दृष्टि से अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है।
- इसमें 15 हजार 401 किलोमीटर सड़क में से 3 हजार 219 किलोमीटर लम्बी सड़कें राजस्थान के लिए स्वीकृत हुई हैं और इस मामले में राजस्थान जम्मू-कश्मीर के बाद देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश के लिए 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है।

**05. रामदेवरा और सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में हाल ही में दो नए चूजों के जन्म के साथ इन केंद्रों में गोडावणों की कुल संख्या बढ़कर कितनी हो गई है**

(A) 56

(B) 86

(C) 64

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- रेगिस्तान में राज्य पक्षी गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) के संरक्षण अभियान को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। रामदेवरा और सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में हाल ही में दो नए चूजों के जन्म के साथ इन केंद्रों में गोडावणों की कुल संख्या बढ़कर 86 हो गई है।
- रामदेवरा ब्रीडिंग सेंटर में 10 मई और सम सेंटर में 11 मई को दो नए चूजों ने जन्म लिया, जो पूरी तरह से AI तकनीक से विकसित हुए हैं।
- गोडावण जैसी विलुप्तप्राय प्रजाति के संरक्षण में आर्टिफिशियल इंसेमिनेशन तकनीक एक बड़ा बदलाव लेकर आई है।
- इस तकनीक की मदद से कुल 26 गोडावण चूजों का सफलतापूर्वक जन्म कराया जा चुका है।

जयपुर, मंगलवार, 12 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-82

1. **स्वयंसिद्धा** आश्रम में प्रवेश हेतु पुरुष वरिष्ठ नागरिक की न्यूनतम आयु कितनी निर्धारित है?
   A) 55 वर्ष
   B) 58 वर्ष
   C) 60 वर्ष
   D) 62 वर्ष

2. **राजस्थान** में विज्ञान, गणित, नवाचार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए किस महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री के नाम पर पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की गई है?
   (A) सवाई जयसिंह द्वितीय
   (B) महाकवि माघ
   (C) ब्रह्मगुप्त
   (D) भास्कराचार्य

3. **लखपति** दीदी योजना के तहत ऋण पर ब्याज दर को 2.5% से घटाकर कितने प्रतिशत किया गया है?
   (A) 1.0%
   (B) 1.5%
   (C) 1.8%
   (D) 2.0%

4. **रूपाहेली** टेक्सटाइल पार्क किस जिले में स्थित है?
   (A) अजमेर
   (B) भीलवाड़ा
   (C) पाली
   (D) जोधपुर

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत डूंगरपुर जिले का खेल कौन सा है?
   (A) हॉकी
   (B) कुश्ती
   (C) बास्केटबॉल
   (D) क्रिकेट

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार को स्कूलों में शिक्षा के माध्यम के रूप में राजस्थानी को मान्यता देने और बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक नीति बनाने का निर्देश किसने दिया है**

(A) राज्यपाल

(B) सुप्रीम कोर्ट

(C) भारत सरकार

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine